अमर उजाला से जुड़े पत्रकार का निधन

गोंडा। ब्रेन हैमरेज से एक सप्ताह से अधिक समय तक जूझने वाले अमर उजाला से जुड़े पत्रकार राममोहन पांडेय का लखनऊ पीजीआई में शनिवार देर रात रात निधन हो गया। वे 47 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी, तीन बेटे व दो बेटियों का परिवार छोड़ गये हैं। रविवार को उन्हें कचनापुर के सरयू घाट पर बड़े बेटे ने मुखाग्नि दी। मौके पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। राजनीतिक नेताओं के साथ पत्रकार संगठनों ने भी शोकसभा कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। करनैलगंज के ग्राम करुआ के पांडेयपुरवा निवासी राममोहन की तबियत 13 अक्तूबर की सुबह बिगड़ गयी थी।



राम मोहन पांडेय (फाइल फोटो)

संबंधित खबर पेज 2 पर